दिनांक 15 नवंबर 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

धन्वंतरी मेडिकल स्टोर में प्रतिदिन की बिक्री में हुआ इजाफा , निगमायुक्त ने रात्रि में मेडिकल स्टोर पहुंचकर ग्राहकों से की चर्चा, हर्बल प्रोडक्ट भी खरीदें

भिलाई नगर/ श्री धन्वंतरी मेडिकल स्टोर योजना के तहत दवाई दुकानों में प्रतिदिन के बिक्री में इजाफा हो रहा है , जहां पहले 30 से 40 ग्राहक मेडिकल स्टोर में पहुंच रहे थे अब यह आंकड़ा 100 के पार हो रहा है क्योंकि 55% की छूट के साथ लोगों को दवाइयां मिल रही है! वही मेडिकल स्टोर से प्रतिदिन 5000 से 12000 की दवाइयों का विक्रय हो रहा है, निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे अचानक रात्रि में 8:00 बजे भगवा चौक स्थित मेडिकल स्टोर पहुंचे , वहां उन्होंने उपस्थित ग्राहकों से क्रय की गई दवाइयों के बारे में जानकारी ली , ग्राहकों ने बताया कि जो दवाइयां हमें एमआरपी पर मिलती थी, वही दवाइयां अब हमें एमआरपी से 55% की छूट के साथ मिल रही है। आगे ग्राहकों ने बताया कि जेनेरिक दवाइयां सस्ती दरों में मिलने के कारण हम धनवंतरी स्टोर से ही दवाइयां खरीद रहे हैं , कई तो रेगुलर ग्राहक बन गए हैं। निगमायुक्त सर्वे ने भी मेडिकल स्टोर से खरीदी की , उन्होंने मेडिकल से सैनिटाइजर और हर्बल प्रोडक्ट खरीदे और शुल्क अदा किया। उल्लेखनीय है कि धन्वंतरी योजना के तहत भिलाई में तीन जेनेरिक मेडिकल स्टोर खुल चुके हैं। भगवा चौक कुरूद , पावर हाउस बस स्टैंड के सामने मदर्स मार्केट एवं शास्त्री मार्केट मेडिकल लाइन में ग्राहकों का खरीदारी को लेकर अच्छा रिस्पांस मिल रहा है, इसके अलावा दो और मेडिकल स्टोर भी जल्द खुलने वाले हैं। लोगों के जरूरत एवं आवश्यकता के अनुसार जेनेरिक दवाइयां मिल रही है।

जनसंपर्क अधिकारी